**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या :-09 /02/कम्प्यू.अनु.(बारह)/2019-2021/03-परीक्षा/2018**

लखनऊ : दिनांक : 10 फरवरी, 2021

**आवश्यक सूचना**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या-03-परीक्षा/2018, अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग-3) प्राविधिक सहायक ग्रुप-"सी"(सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 द्वारा विज्ञापित निदेशक, कृषि, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग-3) प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के कुल रिक्त 2059 पदों हेतु आयोजित अर्हता अभिलेखादि परीक्षण के उपरान्त अनुपस्थित, अनर्हता एवं वांछित प्रमाणपत्र उपलब्ध न कराये जाने के कारण अवशेष पदों के लिए लिखित परीक्षा के आधार पर अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु अर्ह पाये गए 745 अभ्यर्थियों के अनुपूरक परिणाम से संबन्धित आयोग की सूचना संख्या-07/02/कम्प्यू.अनु.(बारह) /2019-2021/03-परीक्षा/2018, दिनांक 04-02-2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

**2-** आयोग की सूचना दिनांक 04-02-2021 के क्रम में अनुपूरक सूची से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण निम्नलिखित सारणी में दिये गये विवरण के अनुसार दिनांक-19-02-2021 से दिनांक-25-02-2021 तक उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित कार्यालय में आयोजित किया जायेगा-

| क्र.सं. | दिनांक | प्रथम पाली (अपराह्न 10.00 बजे) | द्वितीय पाली ( मध्याह्न 12.00 बजे) | तृतीय पाली (पूर्वाह्न 03.00 बजे) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19-02-2021 | 45 | 45 | 45 | 135 |
| 2 | 20-02-2021 | 45 | 45 | 45 | 135 |
| 3 | 22-02-2021 | 45 | 45 | 45 | 135 |
| 4 | 23-02-2021 | 45 | 45 | 45 | 135 |
| 5 | 24-02-2021 | 45 | 45 | 45 | 135 |
| 6 | 25-02-2021 | 45 | 45 | 45 | 70 |
| | | | कुल योग | | 745 |

**3-** अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अभ्यर्थियों की उक्त अनुपूरक सूची अन्तिम चयन परिणाम नहीं है। अतएव अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु घोषित इस अनुपूरक सूची में सम्मिलित होने के आधार पर अन्तिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयन संबन्धी अन्तिम परिणाम यथासमय घोषित किया जाएगा।

**4-** उपर्युक्त अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु निर्धारित तिथियों में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों द्वारा अनुपस्थिति का कारण सहित प्रार्थना पत्र आयोग कार्यालय में ईमेल आई0डी0 upsssc2014@gmail.com के माध्यम से अथवा उपस्थित होकर, दिनांक 24-02-2021 की सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध कराये जाने के आधार पर अभिलेख परीक्षण हेतु एक अंतिम अवसर दिनांक 25-02-2021 को प्रदान किया जाएगा। तदुपरान्त किसी भी अभ्यर्थी को अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु पृथक से अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

**5-** इसीप्रकार पूर्व में दिनांक 08-10-2020 से 29-10-2021 तक सम्पन्न अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों द्वारा अनुपस्थिति का कारण सहित प्रार्थना पत्र आयोग कार्यालय में ईमेल आई0डी0 upsssc2014@gmail.com के माध्यम से अथवा उपस्थित होकर, दिनांक 18-02-2021 की सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध कराये जाने के आधार पर अभिलेख परीक्षण हेतु एक अंतिम अवसर दिनांक 25-02-2021 को प्रदान किया जाएगा। तदुपरान्त किसी भी अभ्यर्थी को अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु पृथक से अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

10.02.2021

6- अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण से संबन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके Document VerificationLetter व अन्य प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए है। संबन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Document Verification Letter पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ही अपने Document Verification Letter व अन्य प्रपत्र Download कर सकेंगे।

7- संबन्धित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके शैक्षिक अभिलेखों का परीक्षण नहीं हुआ है, अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन के समय गहनता से सभी मूल अभिलेखों का परीक्षण किया जायेगा। अतः अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की मूल प्रति एवं छायाप्रतियों के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document VerificationLetter व अन्य प्रपत्रों को प्रिंट कर व भरकर, निर्धारित तिथि व समय पर अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

10/02/2021

(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।